>

Title: Need to take steps to make available clean drinking water in Bhadohi region of Mirzapur Parliamentary Constituency.

श्री रमेश दूबे (मिर्जापुर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मिर्जापुर अंतर्गत भदोही में लोगों को साफ पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। जो पानी लोग मजबूरीवश पी रहे हैं उसमें आर्सेनिक व फ्लोराईड जैसे घातक तत्वों का मिश्रण है। जिसके कारण लोग कई बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। यह मैं अपनी ओर से नहीं कह रहा हूं बल्कि यह सरकार की रिर्पोट का एक हिस्सा है। मेरे संसदीय क्षेत्र के छानवे व कोन ब्लॉक में सात ऐसे गांव हैं जहां पीने के पानी में आर्सेनिक का मिश्रण है। उच्चतम न्यायालय ने भी सुरक्षित पीने के पानी को एक मौलिक अधिकार माना है। पानी के बिना जीवन जीना बहुत ही कठिन है।

भदोही में डाइंग उद्योग की बहुतायत है। इन उद्योगों में कई घातक रसायनों का प्रयोग होता है। क्योंकि इन उद्योगों में ट्रीटमेंट प्लांट नहीं लगाये गये हैं। अतः यह घातक रसायन या तो जाकर नदी में मिलता है अथवा पानी के स्रोत में मिलता है। दोनों ही स्थितियों में आम नागरिक प्रभावित होता है।

अतः आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि जल्दी से जल्दी भदोही के लिए कोई कार्य योजना लायें अन्यथा वह राज्य सरकार को धन उपलब्ध करायें ताकि मिर्जापुर भदोही के लोगों को साफ पानी पीने के लिए मिल सके व उनके स्वास्थ्य की रक्षा हो सके।